आकाशवाणी श्री विजयपुरम

04.09.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी एस एल वी–एफ 17 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दीं– देश के लिए इसे गर्व का क्षण बताया।

2. ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच आज नई दिल्ली में शुरू हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय इस मंच की मेजबानी कर रहा है।

3. पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4. खेल और युवा मामले निदेशालय द्वारा नॉर्थ बे में मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी एस एल वी–एफ17 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी और इस शानदार उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ई ओ एस–05 ले जा रहे जी एस एल वी–एफ 17, जो जियोसिंक्रोनस कक्षा से भारत का पहला इमेजिंग सैटेलाइट है, का सफल प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को प्रतिबिंबित करता है। श्री मोदी ने कहा कि इसरो और भारतीय उद्योग के बीच बढ़ती साझेदारी अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ताकत और विस्तार दे रही है, जिससे पूरे अंतरिक्ष इकोसिस्टम में भारत की क्षमताएं बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसरो और भारतीय उद्योग के बीच बढ़ती साझेदारी हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ताकत और विस्तार दे रही है, जिससे पूरे अंतरिक्ष इकोसिस्टम में भारत की क्षमताएं बढ़ रही हैं।

<><><><><><>

ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच आज नई दिल्ली में शुरू हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय इस मंच की मेजबानी कर रहा है। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों और भागीदार देशों के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालयों के न्यायायिक प्रमुख और वरिष्ठ न्यायिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत रूस, चीन, मिस्र, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, बेलारूस, कजाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, ईरान और उज्बेकिस्तान के न्यायिक प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों में आपसी न्यायिक हित के मुद्दों पर चर्चा होगी और न्यायपालिकाओं के बीच सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। मंच के दौरान न्याय वितरण, अंतरराष्ट्रीय विवाद समाधान, प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे समकालीन मुद्दों पर भी विचार–विमर्श होगा। यह तीन दिवसीय मंच न्याय व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय विवाद समाधान, प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा का अवसर देगा।

<><><><><><>

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने देशव्यापी अभियान के दौरान तीन हजार आठ सौ से अधिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया। अभियान के दौरान पांच सौ पचहत्तर से अधिक प्राथमिकी भी दर्ज की गईं। महिला और बाल विकास मंत्रालय के अनुसार यह अभियान 12 जून से 31 अगस्त तक चलाया गया। आयोग ने राज्य सरकारों, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर बच्चों के बचाव और पुनर्वास के लिए काम किया। साथ ही, बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

<><><><><><>

अनिम्स में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए एम बी बी एस में प्रवेश के लिए दूसरा चरण का परामर्श 8 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों से सुबह 9 बजे कॉर्बिन्स कोव स्थित अनिम्स के न्यू कैंपस में उपस्थित होने को कहा गया है। पात्र उम्मीदवारों की सूची अनिम्स की आधिकारिक वेबसाइट और कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर भी अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवारों को परामर्श के समय सत्यापन के लिए सभी आवश्यक मूल दस्तावेज और प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज भी साथ लाना होगा।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीप समूह में भी आज कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धाभाव और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। द्वीपों के सभी मंदिरों में विशेष रोशनियां की गई है। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में नृत्य, संगीत, भजन व विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है।

<><><><><><>

खेल और युवा मामले निदेशालय शिक्षा निदेशालय और सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से, नॉर्थ बे में पर्यटन कार्यक्रम कैलेंडर 2026–27 के तहत मिनी मैराथन का आयोजन करेगा। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 किलोमीटर ओपन दौड़ का आयोजन 12 सितंबर को सुबह 6 बजे से किया जाएगा। यह दौड़ चुन्नाभट्टा से शुरू होकर नॉर्थ बे तट होते हुए वापस चुन्नाभट्टा पर सम्पन्न होगी। इस मैराथन में रक्षा कर्मियों और द्वीपों के आम नागरिक भाग ले सकते है। इसके अलावा सभी कॉलेजों, स्कूलों, संगठनों, संस्थानों और आम जनता से कहा गया है कि वे प्रत्येक संस्थान से कम से कम 50 छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

<><><><><><>

केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, कोलकाता बेंच के उप रजिस्ट्रार द्वारा सूचित किया है कि 7 से 18 सितम्बर तक की पोर्ट ब्लेयर में सकिर्ट बैठक आयोजित की जाएगी। जिन विभागों में CAT मामले चल रहे हैं, उनसे कहा गया है कि वे संबंधित मामले के दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील से संपर्क कर विस्तृत जानकारी दें, ताकि मामलों की सुनवाई की जा सके। इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। विभागाध्यक्षों से सभी नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ न्यायाधिकरण में उपस्थित रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग की ओर से कंबाइंड हिंदी ट्रांसलेटर परीक्षा और स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' तथा 'डी' परीक्षा का आयोजन आठ सितंबर से बारह सितंबर तक किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा तिथि से पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><>

शिक्षक दिवस समारोह के एक भाग के रूप में आज भातूबस्ती स्कूल मैदान में पुरुषों और महिलाओं के लिए सीआरसी स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट और रस्साकशी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समुदाय की सक्रिय भागीदारी, उत्साहपूर्ण सहभागिता और शिक्षण एवं गैर–शिक्षण कर्मचारियों के बीच खेल और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में मोहनपुरा स्कूल ने गाराचरामा स्कूल को हराया, वहीं महिला वर्ग में मॉडल स्कूल एबरडीन ने मंगलूटान स्कूल को हराया। रस्साकशी पुरुष वर्ग में मॉडल स्कूल एबरडीन ने मोहनपुरा स्कूल को पराजित किया, वहीं महिला वर्ग में मॉडल स्कूल एबरडीन ने मोहनपुरा स्कूल को हराया। कार्यक्रम के दौरान, विजेता और उपविजेता टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ट्रॉफियां और पदक वितरित किए गए।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में इतिहास, कंप्यूटर विज्ञान और खाद्य विज्ञान विषयों में संसाधन व्यक्ति की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार कल सुबह 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। संबंधित उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे परिवर्तित तिथि के अनुसार साक्षात्कार में उपस्थित हों।

<><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग में वन रेंजर के पद पर नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों का पुनः सत्यापन 7 सितंबर को किया जाएगा। संबंधित उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक वन सदन स्थित प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय की समिति के समक्ष अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित रहें।

<><><><><><>